हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 3 जुलाई 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 कलेक्टर ने नामांकन की स्थिति पर जताई ...



07 नपाध्यक्ष ने किया भूमि पूजन, तीन वार्डों में ...



### पीड़ितों को समय पर न्याय की दिशा में आगर मालवा पुलिस का बड़ा कदम

# जिले के सभी विवेचक बने स्मार्ट विवेचक अब प्रत्येक अपराध की होगी ई-विवेचना

### ई-विवेचना प्रणाली से अनुसंधान होगा अधिक पारदर्शी, तुरंत मिलेगा न्याय





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश कैलाश मकवाना के निर्देशन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित सीसीटीएनएस परियोजना के अंतर्गत राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो द्वारा जिला आगर मालवा पुलिस को ई-विवेचना प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कुल 153 टैबलेट्स उपलब्ध कराए गए हैं। आधुनिक तकनीक आधारित अनुसंधान प्रणाली को सुदृढ़ बनाने तथा भारतीय न्याय संहिता की भावना के अनुरूप पीड़ितों को समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 02 जुलाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय आगर मालवा के सभागार में टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्रों के विवेचकों को टैबलेट्स वितरित किए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट, एसडीओपी आगर मोतीलाल कुशवाहा, समस्त थाना प्रभारी एवं जिले के सभी विवेचक उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने विवेचकों को दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**153 टैबलेट्स का पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने किया वितरण**

**डिजिटल पुलिसिंग एवं तकनीक आधारित अनुसंधान को मिलेगा नया आयाम**

**समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण, आरोप पत्र समय पर न्यायालय में प्रस्तुत होने से पीड़ितों को मिलेगा त्वरित न्याय।**



पुलिस अधीक्षक श्री सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में प्रभावी पुलिसिंग का आधार तकनीक है। आधुनिक तकनीक के समुचित उपयोग से ही अनुसंधान की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं गति सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ई-विवेचना प्रणाली केवल कागजी कार्यवाही को डिजिटल स्वरूप देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन है। उन्होंने विवेचकों से कहा कि प्रत्येक प्रकरण की विवेचना पूरी गंभीरता, निष्पक्षता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से की जाए। घटनास्थल से साक्ष्य संकलन, डिजिटल दस्तावेजों का संधारण, केस डायरी लेखन तथा अनुसंधान संबंधी समस्त कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर प्रस्तुत आरोप पत्र ही अपराधियों को शीघ्र दंड दिलाने तथा पीड़ितों का न्याय व्यवस्था पर विश्वास मजबूत करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ई-विवेचना प्रणाली लागू होने से प्रथम सूचना पत्र, गिरफ्तारी पत्रक, जप्ती पत्रक, कथन, केस डायरी, अंतिम प्रतिवेदन (चालान) सहित संपूर्ण अनुसंधान प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संपादित होगी। इससे दस्तावेजों के संधारण में पारदर्शिता आएगी, समय की बचत होगी तथा न्यायालयीन प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी एवं सुगम बनेगी। उन्होंने सभी विवेचकों को निर्देशित किया कि विवेचना के दौरान तैयार किए जाने वाले सभी इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों पर विवेचक, थाना प्रभारी एवं आवश्यकतानुसार संबंधित व्यक्तियों के डिजिटल हस्ताक्षर अथवा इलेक्ट्रॉनिक पेन से हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किए जाएं। बिना डिजिटल हस्ताक्षर के कोई भी दस्तावेज न्यायालय में प्रेषित न किया जाए। साथ ही प्रत्येक प्रकरण में पीड़ित, साक्षी एवं संदेही व्यक्तियों के मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी एवं उपलब्ध होने पर मैसेंजर एप संबंधी विवरण भी अनिवार्य रूप से सीसीटीएनएस में दर्ज किए जाएं, जिससे न्यायालय द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से समन एवं अन्य न्यायिक प्रक्रियाओं का त्वरित निष्पादन किया जा सके।

### डिजिटल पुलिसिंग की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि

इस तकनीकी पहल के साथ अब जिला आगर मालवा का प्रत्येक विवेचक आधुनिक डिजिटल संसाधनों से सुसज्जित होकर अनुसंधान करेगा। वितरित किए गए टैबलेट्स के माध्यम से घटनास्थल से ही आवश्यक दस्तावेज तैयार करने, डिजिटल साक्ष्य संकलित करने, केस डायरी लेखन, आरोप पत्र तैयार करने तथा अनुसंधान संबंधी अन्य समस्त कार्यों को ऑनलाइन एवं अधिक दक्षता के साथ संपादित किया जा सकेगा। इससे अनुसंधान की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होने के साथ-साथ कागजी कार्यवाही एवं समय की बचत भी सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी विवेचकों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे तकनीक आधारित अनुसंधान प्रणाली का अधिकतम उपयोग करते हुए प्रत्येक प्रकरण की विवेचना निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें, जिससे आमजन को बेहतर, पारदर्शी एवं त्वरित पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें तथा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। जिला पुलिस आगर मालवा द्वारा तकनीक आधारित पुलिसिंग एवं स्मार्ट विवेचना प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करते हुए नागरिकों को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

## बड़ा गणपति का किया आकर्षक श्रृंगार, भक्तों की उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर के मध्य स्थित पांच सौ वर्षों से अधिक प्राचीन गोबर से निर्मित गणपति जी की विशाल प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। जिनके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे है। नगर के मध्य प्राचीन श्री बड़ा गणपति जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया है। श्रृंगार उपरांत श्रृंगार आरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। आरती पश्चयात लड्डू की महाप्रसादी का वितरण किया गया। बड़ा गणपति जी के आकर्षक श्रृंगार के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे है।

## गुरूकुल कान्वेंट स्कूल में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर

### न्यायाधीश सोनी ने दी महत्वपूर्ण जानकारी



**नलखेड़ा।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष डीएस चौहान के आदेशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा गुरूवार को नगर के गुरूकुल कान्वेंट स्कुल में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नलखेडा के वरिष्ठ न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति नितिन सोनी मौजूद रहे। आयोजित शिविर के दौरान वरिष्ठ न्यायाधीश श्री सोनी ने विद्यार्थियो से चर्चा करते हुए निशुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता, बालविवाह एवं बाल अधिकार के बारे में बताया एवं विद्यार्थीयो एवं शिक्षक-शिक्षिकाओ के कानुन संबंधी प्रश्नो के उत्तर दिये साथ ही 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विक्रम सोनगर द्वारा किया गया। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य कमलकिशोर पाटीदार, नायब नाजिर रवि शर्मा, भारतसिंह चंद्रावत, बडी संख्या मे विद्यार्थीगण, शिक्षक-शिक्षिकाये सहित स्कुल स्टाफ व अन्य लोग मौजूद रहे। शिविर के अंत मे स्कुल समिति द्वारा न्यायाधीश श्री सोनी को स्मृति चिन्ह एवं श्री फल भेंटकर आभार व्यक्त किया गया।

## ब्लॉक कांग्रेस ने डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नलखेड़ा द्वारा शासकीय चिकित्सालय मैं कार्यरत चिकित्सकों के साथ नगर के निजी चिकित्सकों का सम्मान किया गया। बुधवार को डॉक्टर दिवस के उपलक्ष में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नलखेड़ा द्वारा नगर में अपनी चिकित्सा सेवा देने वाले सभी शासकीय तथा निजी चिकित्सको का उनके कार्यस्थल पर पहुंचकर पुष्पहार तथा दुपट्टे के साथ सम्मान कर स्वागत किया गया साथ ही सभी चिकित्सकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम भालोट, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सुंदरलाल यादव, नगर परिषद पार्षद देवेंद्र गुप्ता, विपिन पाटनी आदि पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समस्या: चौराहे व सड़क पर वाहन पार्किंग, लगता रहता है जाम

### दुकानों के सामने 10 से 25 फिट का स्थाई अथवा अस्थाई अतिक्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर में मुख्य मार्गो पर फुटपाथ पर स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण के चलते दोपहिया व चौपहिया वाहन खड़े करने का स्थान भी शेष नही रहा है जिसके चलते वाहन चालक सड़क पर यहाँ तक कि मुख्य चौराहे पर अपने वाहन खड़े कर रहे है जिसके कारण दिनभर में कई बार जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है। इसी के चलते किसी भी दिन कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। प्रशासन को इस ओर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। नगर का मुख्य मार्ग लखुंदर नदी की पुलिया से गणेश चौराहा एवं शिवाजी चौराहा से माँ बगलामुखी चौराहे तक है, यही मार्ग प्रमुख व्यवसायी केंद्र भी है। इस सम्पूर्ण मार्ग पर अधिकांश स्थानों पर दुकानदारों द्वारा अपनी अपनी दुकानों के सामने 10 से 25 फिट का स्थाई अथवा अस्थाई अतिक्रमण किया हुआ है। कई दुकानदारों द्वारा तो सम्पूर्ण फुटपाथ पर कब्जा कर लिया गया है जिससे उनकी दुकानें सड़क किनारे तक आ गई है। नगर में लखुंदर नदी की पुलिया से गणेश चौराहा एवं शिवाजी चौराहे से माँ बगलामुखी चौराहा प्रमुख व्यवसायिक केंद्र है। जहाँ सुबह से रात्रि तक विभिन्न प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों की आवाजाही रहती है। आने जाने वाले ग्राहकों द्वारा अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर सामग्री की खरीददारी की जाती है क्योंकि अधिकांश दुकानों के सामने स्थाई अथवा अस्थाई अतिक्रमण किया जा चुका है जिसके कारण वाहन खड़े करने के लिए उन्हें मात्र सड़क ही दिखाई देती है। जहाँ सड़क पर भी वाहन खड़े करने में दिक्कत आती है तो वाहन चालक शिवाजी चौराहे जैसे चौराहों पर अपने वाहन खड़े कर देते है। साथ ही इन चौराहों पर स्थिति दुकानों के ग्राहक भी अपने वाहन वही खड़े कर रहे है। ऐसे में कई बार तो वाहन निकलने का स्थान भी शेष नही रहता है। उक्त मार्ग ही नगर के ऐसे मार्ग है जहाँ यातायात का भारी दबाव रहता है। ऐसे में दिनभर जाम की स्थिति बनती रहती है। प्रमुख मार्गों अथवा चौराहों पर वाहन खड़े रहने के कारण कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना भी घटित हो सकती है।

सबसे आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि उक्त मार्गो पर जिन दुकानदारों द्वारा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नही किया गया है वे उक्त हालात में सर्वाधिक परेशान है। क्योंकि किसी भी वाहन चालक को अपने वाहन खड़े करने के लिए वही स्थान दिखाई देता है जहाँ अतिक्रमण नही हुआ है। ऐसे दुकानदार दिनभर वाहन नही खड़े करने का आग्रह करते रहते है जिसके चलते कई बार विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। जबकि वे दुकानदार जिनके द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है वे शान से व सुकून से बैठकर अपनी दुकानदारी करते रहते है। प्रशासन को तत्काल इस ओर ध्यान देकर मुख्य मार्ग व मुख्य चौराहों पर खड़े नही हो इसके लिए उचित कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है।

### जिले के लिए गौरव की उपलब्धि, उत्कृष्ट कार्यों को मिली राष्ट्रीय पहचान

# राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ और हरित विद्यालय रेटिंग में सीहोर जिले के महुआखेड़ी टंकीपुर विद्यालय का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (SHVR) 2025-26 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यालयों की सूची में सीहोर जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय, महुआखेड़ी टंकीपुर का चयन होने से जिले को महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि विद्यालय द्वारा स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता, हरित परिसर के विकास तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों का परिणाम है। विद्यालय ने इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है, जो जिले एवं प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

कलेक्टर बालागुरू के. ने इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल विद्यालय विकसित करने के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जिले के अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणा बनेगी तथा सभी विद्यालय स्वच्छता एवं हरित वातावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने कहा कि विद्यालयों में स्वच्छ एवं हरित वातावरण का निर्माण विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय स्तर पर जिले के विद्यालय का चयन होना इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपेक्षा व्यक्त की। जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) रमेशराम उईके ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार चयनित विद्यालय को आगे भी आवश्यक तकनीकी एवं संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

साथ ही विद्यालय की श्रेष्ठ कार्यप्रणाली, नवाचारों एवं सफलताओं का दस्तावेजीकरण कर अन्य विद्यालयों तक पहुंचाया जाएगा, जिससे जिले के अधिकाधिक विद्यालय स्वच्छ एवं हरित विद्यालय की अवधारणा को प्रभावी रूप से अपनाकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर सकें।

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी पत्र के अनुसार चयनित विद्यालयों को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र (Certificate of Merit) प्रदान किया जाएगा। साथ ही विद्यालयों की स्वच्छ एवं हरित गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रोत्साहन राशि तथा शैक्षणिक अध्ययन भ्रमण (एक्सपोज़र विजिट) जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे इन विद्यालयों को अन्य विद्यालयों के लिए ₹लाइट हाउस विद्यालय₹ के रूप में विकसित किया जा सके।

## पीजी ग्राउंड पर ट्री लवर टीम ने मनाया पौधा उत्सव 100 पेड़ लगाने का लिया संकल्प



**सीहोर।** पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए ट्री लवर टीम ने पीजी ग्राउंड पर पौधा उत्सव का आयोजन किया। टीम के सदस्यों ने बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ पौधरोपण कर प्रकृति बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में ट्री लवर ग्रुप के संस्थापक शिवा खुराना, अध्यक्ष जितेंद्र यादव के नेतृत्व में अशोक खुराना, नितिन तिवारी, ईश्वर सिनोरिया, अमित राठौर, लोकेश, अर्जुन तायड़े, राजेश, शुभम, गौरव जगवानी, सोनू यादव, कैलाश सिनोरिया, संजय राजपूत, रहीस मिश्रा, सचिन शर्मा, शानू सरदार, सचिन कुशवाहा, अनिल राठौर, गोलू नगर, पुरुषोत्तम राय, हरिओम, जमुना प्रसाद, बंटी, विक्रम, जयप्रकाश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए।इस मौके पर अशोक खुराना ने बताया कि ट्री लवर टीम ने भोपाल नाके से लेकर पीजी ग्राउंड तक लगभग 100 वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा है। बताया कि हमारी टीम मिलकर इस टारगेट को पूरा करेगी। साथ ही आगे भी पूरे जिले में प्रकृति के लिए इसी तरह के कार्यक्रम लगातार करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी ली और आम लोगों से भी अपने आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### योजना अंतर्गत 424 प्रकरणों में 9.04 करोड़ का किया भुगतान

**देवास।** मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना की अनुग्रह सहायता योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का कार्यक्रम गत दिवस सिवनी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक कर डी.बी.टी. के माध्यम से प्रदेश के हितग्राहियों के खाते में अंतरित की गई।श्रम पदाधिकारी देवास ने बताया कि कार्यक्रम में देवास जिले के 424 प्रकरणों में राशि 9.04 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान हितग्राहियों के खाते में किया गया। जिसमें मृत्यु की दशा में अनुग्रह सहायता (सामान्य मृत्यु) योजना अंतर्गत जिले के 396 संबल हितग्राहियों को 7.92 करोड एवं मृत्यु की दशा में अनुग्रह सहायता (दुर्घटना मृत्यु) योजना अंतर्गत जिले के 28 हितग्राहियों को 1.12 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया।

### बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**देवास।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 28 जून 2026 से 30 जून तक 3 दिवसीय चलाए गए अभियान में देवास जिले में 01 लाख 84 हजार 645 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई।

### कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# कलेक्टर ने नामांकन की स्थिति पर जताई नाराजगी, जर्जर भवनों को तोड़ने दिए निर्देश

### सभी निर्माण विभाग प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्तापूर्वक और समय-सीमा में पूर्ण करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, संयुक्त कलेक्टर विशाखा देशमुख सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने निर्माण विभागों पीडब्ल्यूडी, पीआईयू, पीएमजीएसवाय, डब्ल्यूआरडी, आरईएस अंतर्गत निर्माणाधीन और अप्रारंभ कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर सभी प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्तापूर्वक कार्य कर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी लगातार निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग करें। सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता में कमियां पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने नगर निगम क्षेत्र में किए जा रहे निर्माण कार्यों, सांसद और विधायक निधि अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभाग अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिले में सभी पुल-पुलियों की लिस्ट बनाएं, जिसमें बारिश के दौरान पानी आ जाता है। ऐसे पुल-पुलियाओ पर विशेष रूप से व्यवस्थाएं की जाए। होमगार्ड को निर्देशित किया कि बाढ़ जैसी स्थिति के लिए अभी से तैयारियां कर लें, सभी संबंधितों को प्रशिक्षित करें। विगत वर्षों के आधार पर जानकारी तैयार कर लें कि जिले में कहां-कहां पर बाढ़ का पानी आता है। जिले में नर्मदा किनारे सभी व्यवस्थाएं करके रखें। बरसात के मौसम में बोट संचालन पर प्रतिबंध रखें। कोई भी संचालन करते पाया जाता है तो उन पर कार्यवाही करें। सभी एसडीएम विगत वर्षों में जहां-जहां डूबने की घटनाएं हुई है। उनकी लिस्ट बनाएं और यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में वहां कोई घटना नहीं हो। उन्होंने बरसात को देखते हुए पीएचई विभाग क्लोरिनेशन का कार्य करने के निर्देश दिए। बरसात के मद्देनजर देवास शहर और जिले में पानी का सैंपल लगातार लेते रहें। स्वास्थ विभाग डेंगू, मलेरिया सहित अन्य बीमारियों की रोकथाम के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करें। बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम, नगर परिषदों और ग्राम पंचायतों में फॉगिंग कराए। सभी ग्राम पंचायतों से रिपोर्ट लें कि ग्राम में क्लोरिनेशन एवं फॉगिंग कार्य हुआ है या नहीं। प्रगतिरत एवं पूर्ण नल जल योजनाओं की समीक्षा कर निर्देश दिए कि जितनी भी नल-जल योजनाएं प्रगतिरत है उन्हें शीघ्र पूर्ण करें। संबंधित ठेकेदार को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित करें। काम नहीं करने वाले ठेकेदारों कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जो नल-जल योजनाएं पूर्ण हो गई हैं। उन नल-जल योजनाओं को शीघ्र पंचायत को हैंड ओवर करें।

हैंड ओवर की गई नल-जल योजनाओं का प्रमाणीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। योजना के संचालन के लिए ग्राम में जल कर संग्रहण का कार्य भी करें। कलेक्टर सिंह ने जिले में कक्षा 01 से 08 तक के विद्यार्थियों के नामांकन की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान नामांकन स्थिति निराशाजनक पाए जाने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और डीपीसी को निर्देश दिए कि हर विकासखंड में बॉटम 05 शिक्षकों को दो-दो वेतन वृद्धि रोकने संबंधी नोटिस जारी करें। कलेक्टर श्री सिंह ने पौधारोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर नगर निगम, नगर परिषदों, जनपद पंचायत और वन विभाग को निर्देश दिए कि ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर पोर्टल पर एंट्री भी करें।

# खातेगांव में दिव्या नर्सिंग होम में मिली अनियमितता

### लाइसेंस रजिस्ट्रेशन किया निरस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि जिला स्तरीय टीम द्वारा शिकायत के आधार पर खातेगांव में डॉ. दीपक विश्नोई द्वारा संचालित दिव्या नर्सिंग होम का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में नर्सिंग होम संचालन संबंधी अनेक गंभीर अनियमित्ताएँ पाई गईं, जिनमें प्रमुख रूप से चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टॉफ का अभाव, बायो मेडिकल वेस्ट का उचित समापन न होना, ऑपरेशन थिएटर में पानी टपकना, आईसीयू की अनुपलब्धता, नर्सिंग होम का रिकार्ड संधारित न होना, फायर एनओसी एवं विद्युत एनओसी प्रस्तुत न कर पाना, पार्किंग व्यवस्था का अभाव रहा। अनियमितताओं को ध्यान में रखते हुए यह पाया गया कि नर्सिंग होम लोक स्वास्थ्य एवं जन स्वास्थ्य की दृष्टि से संचालन योग्य स्थिति में नहीं है। जिस पर दिव्या नर्सिंग होम का लाइसेंस रजिस्ट्रेशन तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि नर्सिंग होम संचालक को निर्देशित किया गया है कि वह तुरंत नर्सिंग होम का संचालन बंद कर इस कार्यालय को सूचित करें। आदेश की अवहेलना की स्थिति में उनके विरुद्ध होने वाली कार्यवाही के लिये वे स्वयं उत्तरदायी होंगे। निरीक्षण टीम में जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.शाहिद शेख, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. मनीषा मिश्रा, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ संतोष कोतकर एवं लिपिक नरेंद्र जोशी शामिल थे। सीएमएचओ डॉ बेक ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय सेवा हेतु केवल विधिवत पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त संस्थानों का ही चयन करें। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल स्वास्थ्य विभाग अथवा पुलिस प्रशासन को दें।

## ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत 48 घंटे में पुलिस ने खोला ट्रॉली चोरी का राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



ऑपरेशन 'त्रिनेत्रम' के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों ने एक बार फिर अपराधियों की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाई। कांटाफोड़ पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर ट्रॉली चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। 30 जून को ट्रॉली चोरी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद एसपी पुनीत गेहलोत के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन एवं एसडीओपी बागली संजय बैस के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश बारेला ने विशेष टीम गठित की। टीम ने कांटाफोड़, बढ़ावा, सुन्दरेल, बिजवाड़ चौराहा, पानीगांव बाजार सहित आसपास क्षेत्रों में लगे करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का सूक्ष्म विश्लेषण किया। जांच के दौरान एक केसरिया रंग का कुबोटा ट्रैक्टर संदिग्ध रूप से घटना स्थल तक जाते और चोरी की ट्रॉली के साथ ग्राम मुहाड़ा लौटते दिखाई दिया।सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य, भौतिक प्रमाण और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम मुहाड़ा में दबिश देकर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया। वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर जंगल में छिपाकर रखी गई ट्रॉली, घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर, पीली तिरपाल तथा ट्रॉली का रंग बदलने में प्रयुक्त सामग्री बरामद कर ली गई। गिरफ्तार आरोपियों में बलराम पिता धनसिंह सोलंकी (22 वर्ष), राजू पिता लालसिंह सोलंकी (31 वर्ष) एवं मंगल पिता राजेश सोलंकी (19 वर्ष) निवासी ग्राम मुहाड़ा शामिल हैं।कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश बारेला, उपनिरीक्षक विनय बघेल, प्रधान आरक्षक यतीश तिवारी, शिवकुमार सिंह, अशोक शर्मा तथा आरक्षक दिलीप बंडवाल एवं शमशेर शाह की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) का हुआ शुभारंभ



**देवास।** ग्रामीण विकास के लिए केन्द्र सरकार की नई योजना विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) का जनपद पंचायत सोनकच्छ की ग्राम पंचायत अगेरा में जन सम्मेलन सह लांच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जन प्रतिनिधियों की उपस्थितियों में शासन के निर्देशानुसार ग्रामीणों को योजना के प्रावधानों अधिकारों और तकनीकी पहलुओं से भी अवगत कराया गया। इस दौरान कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों में हरेन्द्रसिंह पिलवानी, विजेन्द्रसिंह, महेश पाटीदार, मदनसिंह धाकड, रजतपालसिंह राजपूत, मेहरबानसिंह चौधरी, बालबहादुर सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत अगेरा यदुराजसिंह, नरेन्द्रसिंह, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्यामसुंदर सिंह, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोनकच्छ आनंद मालवीय, परियोजना अधिकारी वी.बी.जी.राम.जी अमित जयसवाल, सीईओ जनपद पंचायत गितीका सोनी, तहसीलदार नेहा शाह, सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी और खाद वितरण व्यवस्था सुधारने की मांग, किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतवास



भारतीय किसान संघ, तहसील सतवास द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रदेश सरकार से किसानों की संपूर्ण मूंग उपज की 100 प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित करने तथा किसानों को खाद वितरण व्यवस्था में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की गई। किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में सरकार द्वारा मूंग खरीदी के लिए निर्धारित सीमा किसानों के हित में नहीं है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। संगठन ने मांग की कि किसानों द्वारा उत्पादित संपूर्ण मूंग उपज की बिना किसी सीमा के 100 प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके।ज्ञापन में खाद वितरण व्यवस्था को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। किसान संघ का कहना है कि वर्तमान टोकन प्रणाली के कारण किसानों को खाद प्राप्त करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने सरकार से मांग की कि टोकन व्यवस्था तत्काल समाप्त कर पूर्व की सरल एवं सुगम व्यवस्था के अनुसार किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 6 जुलाई 2026 तक किसानों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन किसानों के साथ व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह किसी प्रकार की धमकी नहीं, बल्कि किसानों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक संघर्ष की चेतावनी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों एवं किसानों ने शासन से किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश के अन्नदाता के हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।जिला मंत्री गौरेलाल गुर्जर, तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, मंत्री दीपक पटेल, उपाध्यक्ष नारायण जाट एवं जगदीश पटेल, नगर अध्यक्ष मांगीलाल यादव, उपाध्यक्ष अमरसिंह यादव, सदस्य हरगोविंद राठौर, श्यामसुंदर मालाकार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

# मकान पर लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



ऑपरेशन प्रहार के तहत कमलापुर पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है, जिसके अंतर्गत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि 29 जून को फरियादी हुकुम सिंह पिता बुद्धू सिंह बिलाल उम्र 45 साल निवासी ग्राम धनतलाव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सितंबर 2025 में होम लोन दिलाने के नाम पर आरोपियों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से गिरोह बनाकर मकान पर 06 लाख का लोन दिलाने के नाम पर प्रोसेसिंग फीस के नाम से कुल 48000 की ठगी की गई। आरोपियों द्वारा फरियादी से 42000 फोन पर के माध्यम से प्राप्त किए गए। जब फरियादी द्वारा आरोपियों से लोन पास करवाने का बार-बार बोला गया मना किए जाने पर पैसे वापस मांगे गए तो आरोपियों द्वारा मोबाइल बंद कर लिए गए और फरियादी से बात करना बंद कर दिया इस प्रकार से आरोपियों द्वारा फरियादी को मकान पर कोई लोन नहीं दिलवाया गया और ना ही उसके द्वारा दी गई। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कमलापुर पर अपराध पंजीबद्ध किया गया था।थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए फरियादी का सहयोग लेकर साइबर सेल एवं मुखबिर सूचना के आधार पर मात्र 72 घंटे में आरोपियों का पता कर सभी उक्त 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के कब्जे से 42000 नगदी बरामद की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को गुरुवार को न्यायालय बागली के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार आरोपी अरुण मालवीय पिता शंकरलाल मालवीय उम्र 21 साल निवासीग्राम खजुरीयाबीना, दिपक नायक पिता जगदीश नायक जाति बंजारा उम्र 30 साल निवासी याम खजुरीयाबीना, रोहित पिता कमलेश गुर्जर जाति गुर्जर उम 22 साल निवासी ग्राम सोमगांव थाना खातेगांव, आकाश मकवाना पिता दिनेश मकवाना जाति नाथ उम 25 साल निवासी ग्राम गाजना थाना सिद्विगंज जिला सिहोर, अमित नामदेव पिता अशोक नामदेव जाति दर्जी उम्र 38 साल निवासी जाटव मोहल्ला टंकी के पास सुनासावरी नाका थाना इटारसी , ज्योति पति दिपक नायक जाति बंजारा उम्र 21 साल निवासी ग्राम खजुरीयाबीना को गिरफ्तार किया गया है। उक्त समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा, सहायक उप निरीक्षक भीम सिंह गणावा, प्रधान आरक्षक राजेंद्र शर्मा, प्रधान आरक्षक भगवती प्रसाद खरे,प्रधान आरक्षक रायचंद, प्रधान आरक्षक अरुण आर्य, महिला आरक्षक वंदना प्रजापति,प्रधान आरक्षक सचिन चौहान, आरक्षक युवराज सिंह साइबर सेल देवास की सराहनीय भूमिका रही।

### एसएनसीयू की टीम ने उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं और समर्पण का दिया परिचय

# समर्पण और विशेषज्ञ इलाज से बच गई जुड़वा बच्चियों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला चिकित्सालय देवास की विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं और समर्पण का परिचय देते हुए समय से पूर्व जन्मीं दो गंभीर रूप से बीमार नवजात बालिकाओं को नया जीवन दिया है। लगभग 17 दिनों तक चले गहन उपचार के बाद दोनों बालिकाओं को स्वस्थ अवस्था में 1 जुलाई 2026 को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि ग्राम तालोद, विकासखंड सोनकच्छ निवासी 30 वर्षीय रवीना पति सुनील को 14 जून 2026 को जिला चिकित्सालय देवास में भर्ती कराया गया था। रवीना उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था (हाई रिस्क प्रेग्नेंसी) की श्रेणी में थीं। उनका हीमोग्लोबिन मात्र 4.8 ग्राम था और उनकी पहले से तीन बेटियां हैं। यह उनकी चौथी गर्भावस्था थी।रवीना ने सिविल अस्पताल सोनकच्छ में सामान्य प्रसव के दौरान जुड़वां बालिकाओं को जन्म दिया।

दोनों नवजातों की हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय देवास के एसएनसीयू में रेफर किया गया।दोनों बालिकाएं समय से पूर्व जन्मी थीं। उनका वजन क्रमशः 1.4 किलोग्राम और 1.8 किलोग्राम था। जन्म के बाद उन्हें सांस लेने में गंभीर कठिनाई हुई, जिसके चलते उन्हें सीपेप (CPAP), ऑक्सीजन सपोर्ट और अन्य आवश्यक उपचार दिए गए। सेप्सिस स्क्रीन पॉजिटिव आने पर एंटीबायोटिक दवाइयों से इलाज शुरू किया गया, जबकि पीलिया होने पर फोटोथैरेपी दी गई। करीब 12 दिनों तक ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखने के बाद दोनों बालिकाएं सामान्य रूप से सांस लेने लगीं।उपचार के दौरान पहले उन्हें नली के माध्यम से और बाद में कटोरी-चम्मच से दूध पिलाया गया। मां को कंगारू मदर केयर के लिए भी प्रेरित किया गया। दूसरी बालिका में रक्त की कमी होने पर उसे रक्त चढ़ाया गया।

चिकित्सकों के अनुसार दोनों नवजातों की स्थिति इतनी गंभीर थी कि उनके बचने की संभावना बेहद कम थी, लेकिन एसएनसीयू टीम और नर्सिंग स्टाफ की दिन-रात की सतत निगरानी एवं समर्पित उपचार से दोनों को सुरक्षित बचाया जा सका।डिस्चार्ज के बाद आगामी एक वर्ष तक दोनों बालिकाओं की वृद्धि एवं विकास की नियमित निगरानी की जाएगी।

इस उल्लेखनीय सफलता का श्रेय एसएनसीयू की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वैशाली निगम, डॉ. अनुज चाचरे, डॉ. अश्विन सिंह तथा संपूर्ण नर्सिंग स्टाफ को जाता है, जिन्होंने निरंतर प्रयास और समर्पण के साथ दोनों नवजातों को जीवनदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने कहा कि एसएनसीयू केवल नवजात शिशुओं के उपचार का केंद्र नहीं, बल्कि नई उम्मीदों का प्रतीक है। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम, आधुनिक तकनीक और संवेदनशील देखभाल के समन्वय से गंभीर परिस्थितियों में भी नवजातों को नया जीवन देने का कार्य किया जा रहा है।

# दूध व्यापारी की कार और मिनी ट्रक की टक्कर से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के हाटपीपल्या क्षेत्र में नेवरी-चापड़ा मार्ग पर बुधवार देर रात भीषण सडक़ हादसा हो गया। नलकी हनुमान मंदिर के पास कार और मिनी ट्रक की आमने-सामने टक्कर में कार चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान नेवरी निवासी 42 वर्षीय राजेश जाट के रूप में हुई है। वे दूध व्यापारी थे। पुलिस के अनुसार, हादसा बुधवार देर रात करीब 3 बजे हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मिनी ट्रक के आगे के दोनों पहिए निकल गए और उसकी दिशा बदल गई। वहीं, कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार के एयरबैग भी खुल गए थे। जानकारी के अनुसार, राजेश जाट बिजवाड़ क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर नेवरी लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। वे दूध व्यापार के साथ पशु आहार का व्यवसाय भी करते थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल राजेश जाट को हाटपीपल्या अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हाटपीपल्या थाने के एसआई आई.एस. इक्का ने बताया कि गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मिनी ट्रक में प्याज भरे हुए थे। बताया जा रहा है कि ट्रक में सवार एक व्यक्ति घायल हुआ है, लेकिन उसने अभी तक पुलिस से संपर्क नहीं किया है।

## सीसी सड़क, नाली और नाला निर्माण से बदलेगी तस्वीर

# नपाध्यक्ष ने किया भूमि पूजन, तीन वार्डों में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर पालिका परिषद ने नगर के समग्र एवं संतुलित विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए गुरुवार को वार्ड संख्या 6, 16 और 19 में करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले सीसी सड़क, नाली एवं नाला निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन कर शुभारंभ किया।

पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन अभिलाषा ने जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में भूमि पूजन कर विकास कार्यों की शुरुआत की और संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य उच्च गुणवत्ता एवं निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। भूमि पूजन के दौरान नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जलभराव और खराब सड़कों की समस्या वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वार्ड संख्या 6 (रामनगर) में आरटीओ कार्यालय से सिंचाई



विभाग की पुलिया तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। वहीं वार्ड संख्या 16 (आजादपुरा प्रथम) के मदनपुर के पीछे स्थित माधव नगर क्षेत्र में दो सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया।

इसके अलावा वार्ड संख्या 19 (आजादपुरा) में भरतपुरा हाउस से आगे तक नाला निर्माण एवं उसके चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ कराया गया। नपाध्यक्ष ने अवर अभियंता निधि पाण्डेय को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और तय समय सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि नगर का विकास, बेहतर आधारभूत सुविधाएं और जनहित के कार्य ही नगर पालिका की प्राथमिकता हैं तथा प्रत्येक वार्ड तक विकास की किरण पहुंचाना परिषद का संकल्प है। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद क्षेत्रवासियों ने पालिका अध्यक्ष का पुष्पमालाओं से स्वागत किया और नगर में लगातार कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। स्थानीय लोगों ने कहा कि इन क्षेत्रों में लंबे समय से जलभराव और जर्जर मार्गों की समस्या बनी हुई थी, जिसके समाधान के लिए अब प्रभावी पहल की गई है। उन्होंने पालिका अध्यक्ष द्वारा नियमित वार्ड भ्रमण, जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण और विकास कार्यों की सतत निगरानी की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना लाल जैन, वार्ड पार्षद रजनी रजक, शिवानी कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक, अमित कुशवाहा, अमित नायक, अवर अभियंता खुशबू खान, निधि पाण्डेय, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, निर्माण लिपिक दीपेंद्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, बद्री कुशवाहा सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## महरौनी में खूनी संघर्ष, 4 घायल

# गाय बेचने के विवाद में कुल्हाड़ी सरिया व रॉड से हमला किया

**पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महरौनी कस्बे के पशु बाजार में गाय बेचने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। दबंगों ने एक व्यापारी और उसके साथियों पर कुल्हाड़ी, लोहे के सरिए और पिकअप वाहन की लोहे की रॉड (टालिवर) से हमला कर दिया। हमले में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दिदौरा निवासी तेज सिंह पुत्र वीर सिंह ने दी गई तहरीर में बताया कि वह 29 जून 2026 की शाम करीब पांच बजे अपने साथियों मजबूत सिंह, मनखुशी और कलयान के साथ महरौनी पशु बाजार में गाय बेचने आया था। उसकी गाय 27 हजार रुपये में बिक गई। वह खरीदार से मिले रुपये गिन रहा था, तभी आरोपी मानवेन्द्र वहां पहुंचा और इस बात को लेकर विवाद करने लगा कि उसकी गाय बिकने से पहले दूसरी गाय क्यों बेच दी गई। आरोप है कि कहासुनी बढने पर मानवेन्द्र ने लोहे के सरिए से मजबूत सिंह के सिर पर हमला कर दिया। इसके बाद शैलेन्द्र सिंह कुल्हाड़ी, सजन सिंह लोहे की रॉड, भगत सिंह और रोशन भी मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर हमला बोल दिया। शैलेन्द्र ने कुल्हाड़ी से कलयान के सिर पर वार किया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। भगत सिंह ने मनखुशी पर लोहे के सरिए से हमला किया, जबकि सजन सिंह ने तेज सिंह पर पिकअप की लोहे की रॉड से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में चारों लोगों के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं।

घटना के दौरान पशु बाजार में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय व्यापारियों, टैक्सी चालकों और अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर घायलों को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महरौनी पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल ललितपुर और बाद में झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने चार वारंटी को गिरफ्तार किया

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में जनपदभर में वांछित एवं वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बानपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में न्यायालय से जारी वारंटों के आधार पर चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी अरविंद कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना बानपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम बड़ोखरा निवासी महेश पुत्र स्वामी जोशी, विनोद पुत्र इच्छाराम जोशी, राम किशोर पुत्र हरपा कुशवाहा तथा ग्राम किले का मैदान निवासी चन्दन सिंह पुत्र सोबरन को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी थे। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया गया। इस अभियान का नेतृत्व थाना बानपुर के थानाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी ने अपनी पुलिस टीम के साथ किया।

### पत्नी पर जेवरात व नकदी लेकर मायके जाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम वर्मा बिहार में पारिवारिक विवाद ने आपराधिक मुकदमे का रूप ले लिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने एक युवक की पत्नी, सास-ससुर समेत पांच लोगों के खिलाफ जेवरात व नकदी लेकर जाने, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली ललितपुर क्षेत्र के ग्राम चमरौवा निवासी रामप्रताप सिंह पुत्र सेन्द्रपाल सिंह ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में बीएनएसएस की धारा 173(4) के तहत प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। न्यायालय के आदेश पर थाना तालबेहट पुलिस ने मामला दर्ज किया। रामप्रताप की शादी 30 अप्रैल 2021 को ग्राम वर्मा बिहार निवासी रोशनी पुत्री अशोक यादव के साथ हुई थी। दंपती की दो पुत्रियां हैं। पीड़ित का आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से पत्नी का व्यवहार बदल गया और वह कई बार बिना बताए मायके चली जाती थी। रामप्रताप का आरोप है कि 16 अप्रैल 2026 को उसकी अनुपस्थिति में पत्नी घर में रखे लगभग तीन तोला सोने का हार, एक तोला मंगलसूत्र, दो तोला की चार अंगूठियां, करीब 250 ग्राम चांदी की पायल, एक किलोग्राम चांदी की करधनी, 500 ग्राम हाफपेटी तथा गेहूं की फसल बिक्री से प्राप्त 1.50 लाख रुपये नकद लेकर मायके चली गई। उसी शाम वह पत्नी को वापस लाने और जेवरात व नकदी लौटाने की बात करने ससुराल पहुंचा। आरोप है कि पत्नी ने साथ आने से इनकार कर दिया। इस दौरान ससुराल पक्ष के लोगों ने उससे 10 लाख रुपये की मांग की। विरोध करने पर सभी ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रोशनी, अशोक यादव, सुनीता, अंगद तथा सूरत सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

### 31 अगस्त तक जिले में मछली पकडऩे पर प्रतिबंध

**ललितपुर।** मछलियों के प्रजनन काल को सुरक्षित रखने और मत्स्य संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने 1 जुलाई से 31 अगस्त तक जिले के सभी तालाबों, जलाशयों, नदियों, नालों एवं अन्य प्राकृतिक जलधाराओं में मछली पकडऩे (मत्स्याखेट) पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया है। आदेश जारी करते हुए संबंधित विभागों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रतिबंध जिले की सीमा में स्थित सभी सार्वजनिक तालाबों, जलाशयों, नदियों, नालों तथा जलधाराओं पर लागू रहेगा। पमछलियों का शिकार, पकडऩा, खरीद-फरोख्त तथा आयात-निर्यात प्रतिबंधित रहेगा।

## कल से विकास खंडवार लगेंगे चिन्हांकन शिविर

# दिव्यांगों को निशुल्क कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के तहत विशेष चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सीडीओ शेषनाथ चौहान ने इस संबंध में सभी उपजिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए शिविरों के सफल संचालन के लिए सभी तैयारियां समय से पूरी करने को कहा है। सीडीओ ने बताया कि जिले के विभिन्न विकास खंडों में 4 से 18 जुलाई 2026 तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चिन्हांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुसार कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन किया जाएगा। चिन्हित लाभार्थियों को बाद में विभाग की ओर से निशुल्क उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविरों का आयोजन विकास खंडवार निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा। 4 जुलाई को नगर पंचायत तालबेहट क्षेत्र के खांदी ग्राम पंचायत स्थित ध्रुव कोटि मंदिर, 6 जुलाई को पंचायत भवन सौजना, 9 जुलाई को पंचायत भवन बांसी, 10 जुलाई को पंचायत भवन बानपुर, 13 जुलाई को पाली तहसील सभागार, 14 जुलाई को पंचायत भवन धौर्रा, 16 जुलाई को पंचायत भवन नाराहट तथा 18 जुलाई को विकास खंड मड़ावरा के सामुदायिक भवन में शिविर आयोजित होंगे। योजना का लाभ लेने के लिए दिव्यांगजनों को शिविर में आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र अथवा यूडीआईडी कार्ड तथा दिव्यांगता प्रदर्शित करती हुई पासपोर्ट साइज फोटो साथ लानी होगी। बिना आवश्यक अभिलेखों के लाभार्थियों का पंजीकरण संभव नहीं होगा। सीडीओ ने निर्देश दिए हैं कि ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं अन्य क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र दिव्यांगजन योजना के लाभ से वंचित न रहे। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविर स्थलों पर पंजीकरण के लिए पर्याप्त स्थान, विशेषज्ञों के बैठने की व्यवस्था, मेज-कुर्सियां, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, कंप्यूटरीकृत पंजीकरण की सुविधा, दिव्यांगजनों के बैठने के लिए उचित इंतजाम तथा यातायात एवं सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि शिविरों का संचालन पूरी पारदर्शिता और सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए, ताकि दिव्यांगजनों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सीडीओ शेषनाथ चौहान ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

# नाराहट में युवक की गुंडागर्दी से व्यापारी दहशत में

## व्यापार मंडल की एसपी से कार्रवाई की गुहार, आपराधिक गतिविधियों के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना नाराहट क्षेत्र में एक युवक की कथित गुंडागर्दी और आपराधिक गतिविधियों से परेशान व्यापारियों एवं ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का आरोप है कि आरोपी के आतंक के कारण क्षेत्र के व्यापारी और आम नागरिक भय के माहौल में जीवन यापन कर रहे हैं तथा यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती है। व्यापार मंडल की ओर से दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि ग्राम नाराहट निवासी राहुल यादव पुत्र भानसिंह यादव लगातार क्षेत्र में अराजक गतिविधियों में लिप्त है। आरोप है कि 21 जून 2026 को उसने स्थानीय व्यापारी सृजन सतभैया की दुकान पर पहुंचकर गाली-गलौज, मारपीट की तथा जान



से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाना नाराहट में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपी खुलेआम बाजार में घूमकर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे रहा है, जिससे व्यापारी वर्ग में भय व्याप्त है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि कुछ दिन पहले आरोपी ने एक अन्य युवक पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल का उपचार मेडिकल कॉलेज ललितपुर में चल रहा है। इस मामले में भी आरोपी के विरुद्ध गंभीर धाराओं तथा एससी/एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। व्यापार मंडल ने अपने पत्र में आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास भी उल्लेखित किया है। आरोप है कि कुछ वर्ष पूर्व उसने नाराहट बाजार में कई दुकानों में तोडफ़ोड़ कर व्यापारियों को नुकसान पहुंचाया था, जिसके संबंध में भी मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके अलावा आरोपी पर क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त होने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी को कुछ स्थानीय पुलिसकर्मियों का संरक्षण प्राप्त होने के कारण उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। व्यापार मंडल ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी, उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई तथा क्षेत्र में व्यापारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने वालों में प्रांतीय चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिला महामंत्री अनिल जैन, उपेन्द्र जैन, युवा संगठन महामंत्री अविरल जैन, आईटी सेल अध्यक्ष अंकित सतभैया, पीड़ित सृजन सतभैया, पुष्पेन्द्र यादव सहित व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी एवं स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे।

## बसपा ने बरोदा स्वामी सेक्टर में की बूथ गठन समीक्षा बैठक की

# सिरनाम सेक्टर सचिव व मनोज बूथ अध्यक्ष बने



**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा विधानसभा क्षेत्र 226 ललितपुर के सेक्टर क्रमांक-26 बरोदा स्वामी अंतर्गत बूथ संख्या-283, बृजनगर सिरसी (जखौरा) में बूथ गठन एवं संगठन समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महासचिव छोटेलाल प्रजापति तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष संतोष अहिरवार, पूर्व विधानसभा प्रभारी तुलसीराम अहिरवार एवं पूर्व सेक्टर अध्यक्ष मलखान अहिरवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दयाराम, पूरण दास, विनोद, हरिशंकर, शिवम, जगदीश, अरविंद, गजेंद्र, संदीप, जयराम, मनोज, सिरनाम, अशोक, सुखलाल, रामप्रकाश, कोमल, पूरण, बाबूलाल, कैलाश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने पार्टी नेतृत्व के निर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया और कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती को पांचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लक्ष्य के साथ सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा और समर्पण से जुटना होगा। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार के कार्यकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कानून व्यवस्था तथा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गईं। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोडऩे का आह्वान किया। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। सर्वसम्मति से सिरनाम को सेक्टर सचिव तथा मनोज अहिरवार को बूथ अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं मलखान, अशोक, रामप्रकाश और पूरण को संगठन सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक का संचालन संतोष अहिरवार ने किया। पार्टी पदाधिकारियों ने सभी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने और आगामी चुनाव की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## अंबेडकर पार्क के पास निर्माण का प्रस्ताव, राज्यमंत्री से मांग की

# पूर्व नपाध्यक्ष रामदास की स्मृति में बने स्मृति द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पूर्व नपाध्यक्ष एवं ऑनरेरी प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट स्व.रामदास रायसाहब की स्मृति को चिरस्थायी बनाने की मांग उठी है। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री (कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र) गन्धर्व सिंह लोधी ने उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर गुरुजी को ज्ञापन सौंपकर स्व. रामदास रायसाहब की स्मृति में शहर में एक भव्य स्मृति द्वार का निर्माण कराए जाने का अनुरोध किया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि मोहल्ला बड़ापुरा निवासी स्व. रामदास रायसाहब ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में देशहित और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें ऑनरेरी प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट का सम्मान प्राप्त हुआ था। इसके अलावा वे वर्ष 1966-67 में ललितपुर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष भी रहे और अपने कार्यकाल में नगर के विकास तथा जनकल्याण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। गन्धर्व सिंह लोधी ने कहा कि स्व. रामदास रायसाहब का जीवन वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ऐसे व्यक्तित्व के योगदान को संरक्षित करने और आने वाली पीढिय़ों तक उनकी



स्मृति पहुंचाने के उद्देश्य से शहर में एक स्मृति द्वार का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। ज्ञापन में राज्यमंत्री से अनुरोध किया गया है कि ललितपुर के जेल चौराहा स्थित अंबेडकर पार्क के समीप उपयुक्त स्थान पर स्व. रामदास रायसाहब की स्मृति में भव्य स्मृति द्वार का निर्माण कराया जाए। इसके लिए नगर पालिका परिषद को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर भूमि चिन्हित कराने की भी मांग की गई है। भाजपा नेता ने विश्वास जताया कि प्रदेश सरकार इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए नगर के गौरवशाली इतिहास से जुड़े इस महत्वपूर्ण व्यक्तित्व को सम्मान देने का कार्य करेगी।

# दो बंद मकानों के ताले तोड़ लाखों के जेवर व नकदी चोरी

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। अज्ञात चोरों ने दो अलग-अलग गांवों में बंद पड़े मकानों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दोनों मामलों में पीड़ितों की तहरीर पर महरौनी पुलिस ने बीएनएस की धारा 305 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना ग्राम कुआघोषी की है। यहां निवासी मनीष कुमार साहू पुत्र माधव प्रसाद साहू ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 1 जुलाई 2026 की सुबह वह अपनी पत्नी और बच्चों को स्कूल छोडऩे के लिए सैदपुर गए थे। दोपहर करीब 1.15 बजे घर लौटने पर मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था और पूरा सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात तथा नकदी चोरी कर ले गए। दूसरी घटना ग्राम जखौरा की है। यहां के निवासी अनंत सिंह पुत्र देवी सिंह ने बताया कि 30 जून 2026 को दोपहर लगभग 2.30 बजे वह खेत में बुआई करने गए थे, जबकि उनकी पत्नी गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। बेटा और बहू राजस्थान में नौकरी करते हैं, जिससे घर पर ताला लगा हुआ था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। खेत से लौटने पर अनंत सिंह ने घर का ताला टूटा देखा और भीतर सामान अस्त-व्यस्त मिला। दोनों घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है।

## लायंस क्लब सेवा ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर जताया आभार

# डॉक्टर्स व सीए डे पर चिकित्सकों व चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान किया

**समाज सेवा के संकल्प के साथ नए लायनिस्टिक वर्ष की शुरुआत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

लायंस क्लब सेवा ललितपुर द्वारा नए लायनिस्टिक वर्ष के प्रथम दिन डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) डे पर जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस दौरान क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि चिकित्सक समाज के शारीरिक स्वास्थ्य के मार्गदर्शक होते हैं, जबकि चार्टर्ड अकाउंटेंट आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों ही वर्ग अपने-अपने क्षेत्र में समाज



और राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। इसी भावना के साथ उनके सम्मान का आयोजन किया गया। इस दौरान डा.दीपक चौबे, डा.आलोक जैन, डा.दीपाली, डा.दीपक, डा.अनुपम मिश्रा एवं डा.प्रतीक को उनके चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं जनपद के वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए संजीव जैन, सीए सौरभ जैन एवं सीए विकास ओसवाल को भी समाज और आर्थिक क्षेत्र में उनके योगदान के लिए अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब सेवा के अध्यक्ष संजीव जैन ममता स्पोटर्स ने कहा कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान करना क्लब की परंपरा है और आगे भी इस प्रकार के सामाजिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर क्लब सचिव डा.संदीप श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अभय जैन, पूर्व अध्यक्ष राजीव पटवारी, पूर्व सचिव डा.अवधेश अग्रवाल, लोकेश जैन, मनोज जैन, बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू, फहीम सहित क्लब के अन्य सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी सम्मानित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

### पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने नागरिकों से सावधान रहने की अपील की

# दुर्लभ नोट के बदले 17 लाख का झांसा दिया, साइबर ठग राजस्थान से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

फेसबुक पर दुर्लभ नोट (5 रुपये का ट्रैक्टर वाला नोट) खरीदने के नाम पर 17 लाख रुपये का लालच देकर एक व्यक्ति से 3.65 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय साइबर ठग को ब्यावरा पुलिस ने राजस्थान के खैरथल-तिजारा से धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 3.24 लाख रुपये नगद और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

### आत्महत्या की दहलीज से लौटा पीड़ित

पुलिस के अनुसार, आलमपुर निवासी अनिल राजपूत इस ठगी के बाद मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गया था। उसकी जमा-पूंजी ठगों ने हड़प ली थी। हताशा में वह जान देने के इरादे से घटनास्थल पर पहुँच गया था, लेकिन तभी ग्रामीण बलवंत सिंह सौंधिया ने सूझबूझ दिखाते हुए उसे समझाया और अनहोनी होने से बचा लिया।



पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने बलवंत सिंह की इस मानवीय पहल के लिए उन्हें शॉल-श्रीफल और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया है।

### पुलिस की मुस्तैदी से खुला राज

घटना के बाद थाना ब्यावरा शहर में अपराध क्रमांक 451/2026 दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण और साइबर सेल की मदद से राजस्थान के मटोरे गांव के निवासी जुबेर खान (28) को चिन्हित किया। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष टीम ने राजस्थान पुलिस के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### आमजन से अपील

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने नागरिकों से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले लॉटरी, इनाम, या दुर्लभ नोटों की खरीद-फरोख्त के झांसे में न आएं। किसी भी अनजान व्यक्ति से अपने बैंक विवरण या गोपनीय कोड साझा न करें। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत नेशनल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

### ये रहे कार्रवाई में शामिल

इस ऑपरेशन में थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, साइबर प्रभारी जितेन्द्र अजनारे, उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा सहित पुलिस टीम ने सराहनीय कार्य किया।

### ब्यावरा में सफाई अभियान की उड़ीं धज्जियां

# कचरे के ढेर पर सिस्टम, नालियां चोक और आवारा मवेशी खा रहे प्लास्टिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिले के ब्यावरा शहर में स्वच्छ भारत अभियान के बड़े-बड़े दावों के बीच शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है। नगर पालिका के तमाम दावे जमीनी हकीकत के आगे दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। शहर के प्रमुख व्यावसायिक और रिहायशी इलाकों में पसरी गंदगी ने स्थानीय निवासियों और राहगीरों का जीना मुश्किल कर दिया है।

### सब्जी मंडी से लेकर जाटव धर्मशाला तक कचरे का साम्राज्य

शहर के सुठालिया रोड स्थित जाटव धर्मशाला गंदे नाले में इस समय सबसे ज्यादा बदहाली देखने को मिल रही है जहाँ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वहीं सब्जी मंडी का हाल भी इससे जुदा नहीं है। मंडी में कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग चुके हैं। विडंबना देखिए कि इन कचरे के ढेरों में मुंह मारती आवारा गायें साफ देखी जा सकती हैं जो गीले-सूखे कचरे के साथ जहरीली प्लास्टिक खाने को मजबूर हैं। इससे न केवल महामारी का खतरा बढ़ रहा है बल्कि मवेशियों की जान पर भी बन आई है।

### चूड़ी गली में नालियां चोक, दुकानों के सामने नालियों में भरा कचरा

यही नहीं सुठालिया रोड की प्रसिद्ध चूड़ी गली में भी नगर पालिका की घोर लापरवाही उजागर हुई है। यहाँ दुकानों के ठीक सामने नालियां कचरे से पूरी तरह भरी पड़ी हैं। नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी और कचरा सड़कों पर आ रहा है जिससे उठने वाली सड़न और बदबू के कारण दुकानदारों पर बैठना और ग्राहकों का खड़ा होना भी दूभर हो गया है।



### बड़े हादसे को आमंत्रण दे रही टूटी जाल

सुठालिया रोड पर ही नाली के ऊपर लगी एक लोहे की जाली लंबे समय से टूटी पड़ी है। मुख्य मार्ग पर बीचों-बीच टूटी जाली की वजह से आए दिन राहगीर और दुपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। खासकर रात के अंधेरे में यहाँ से गुजरने वाले लोगों के लिए यह जाली किसी बड़े हादसे के जाल जैसी नजर आती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। सफाई अभियान के नाम पर लाखों-करोड़ों का बजट ठिकाने लगाया जा रहा है वहीं ब्यावरा की सड़कों पर इस अभियान की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। अब देखना यह है कि इस ख़बर के बाद कुंभकर्णी नींद में सोया नगर पालिका प्रशासन जागता है या ब्यावरा की जनता को ऐसे ही नरकीय हालातों में रहने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### इनका कहना है...

आपसे जानकारी मिली है तत्काल सफाई करवाते है

**नगर पालिका सीएमओ इक़रार अहमद**

# सारंगपुर को मुख्यमंत्री ने दी विकास की बड़ी सौगातें, पृथ्वीराज ने जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की घोषणा की। उनके आगमन पर विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक रूप से गदा भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने सारंगपुर में रेडेंसिफिकेशन योजना के तहत जर्जर शासकीय भवनों के पुनर्निर्माण, अंबे माता मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण, फोरलेन मार्ग के समीप हाउसिंग बोर्ड की आवासीय कॉलोनी, सारंगपुर-संडावता मार्ग पर उतावली नदी पर नए पुल, करौंदी से हीरापुरा तक सड़क निर्माण तथा नगर परिषदों में द्वारका नगरी योजना के तहत सड़क विकास कार्यों की घोषणा की। साथ ही भैंसवा माता लोक के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए 20 करोड़ रुपये स्वीकृत करने की भी घोषणा की। विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये सौगातें क्षेत्र के विकास को नई गति देंगी। उन्होंने कहा कि सड़क, पुल, आवास, धार्मिक पर्यटन और आधारभूत संरचना से जुड़े ये निर्णय सारंगपुर की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भी मुख्यमंत्री एवं मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम किया

# वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ माह के प्रथम दिवस का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ

माह के प्रथम दिवस पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन कर राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा एवं कर्तव्यबोध का परिचय दिया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा आमजन को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। माह के प्रथम दिवस पर आयोजित यह परंपरागत कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं शासकीय कार्यों के प्रति समर्पण की भावना को सुदृढ़ करने का प्रतीक रहा।

### अभियान जन-आंदोलन का रूप ले चुका है

# बिलोदा पाल में काई नदी व बावड़ी पूजन के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह मंगलवार को सारंगपुर विकासखंड के बिलोदा पाल में काई नदी एवं बावड़ी पूजन के साथ आयोजित किया गया।

पर्यावरण संरक्षण और जल स्त्रोतों के संवर्धन के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच दिनेश पाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मोहन पाल, सेक्टर प्रभारी लोकेश नाहर तथा पंचायत सचिव नारायणसिंह सोनगरा उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि बद्रीलाल बामनिया ने



अपने संबोधन में कहा कि ₹जल ही जीवन का आधार है। हमारी प्राचीन संस्कृति में नदियों को मां का दर्जा दिया गया है। जन अभियान परिषद के माध्यम से प्रदेशभर में यह अभियान जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। लाखों कुएं, बावड़ियां, तालाब और नदियां, जो गाद और कचरे से भर गए थे, उन्हें श्रमदान के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान का औपचारिक समापन अवश्य हुआ है, लेकिन जल संरक्षण का संकल्प निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को जल की प्रत्येक बूंद बचाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम के अंत में समिति अध्यक्ष मनोज पाल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

# पैरामेडिकल कॉलेज की छात्रा से छेड़छाड़, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

सारंगपुर स्थित पैरामेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने एक छात्र के साथ छेड़छाड़, पीछा करने और उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता छात्रा ने बताया कि कॉलेज में साथ पढ़ने वाला छात्र रिजवान उसे लगातार परेशान कर रहा था। छात्रा का आरोप है कि उसने आरोपी का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया था, इसके बावजूद वह अलग-अलग माध्यमों से संपर्क करने का प्रयास करता रहा और उसका पीछा




करता था। शिकायत में छात्रा ने बताया कि आरोपी कॉलेज परिसर के साथ-साथ उसके आवास के आसपास भी पहुंचकर संपर्क करने की कोशिश करता था। लगातार हो रही इन हरकतों से परेशान होकर छात्रा ने सारंगपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी रिजवान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। प्रारंभिक कार्रवाई के तहत आरोपी को हिरासत में लिया गया है तथा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।वहीं पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों और दोनों पक्षों के बयान के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने द्वारा दर्ज प्रकरण के अनुसार आरोपी और शिकायतकर्ता की पहचान सामने आई है। मामले की जांच जारी है और अंतिम निष्कर्ष न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही स्पष्ट होगा।

## समस्त रेत खदानों में खनिज रेत खनन कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित

**राजगढ़।** म.प्र. में वर्षा ऋतु के लिए मानसूत्र सत्र की अवधि 15 जून से 01 अक्टूबर निर्धारित की गई है। जिले में रेत उत्खनन पर रोक लगाने के संबंध में स्थानीय मौसम परिवर्तन के आधार पर उक्त निर्धारित वर्षाकाल अवधि में परिवर्तन किया गया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा राजगढ़ जिले में विगत वर्षों की तरह ही इस वर्ष भी मानसून सत्र की अवधि निर्धारित करते हुए 30 जून, 2026 की मध्यरात्रि से 01 अक्टूबर, 2026 तक समस्त रेत खदानों में खनिज रेत खनन कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया हैं।

# माहेश्वरी महिला मंडल ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

माहेश्वरी महिला मंडल सारंगपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल की पदाधिकारियों एवं समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष रूपल सादानी ने कहा कि प्रकृति की रक्षा के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनकी नियमित देखभाल, समय पर सिंचाई और सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाने की जिम्मेदारी भी




सभी को निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ₹वृक्ष लगाकर हम अपने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण एवं जीवनदायी सांसों का संकल्प ले रहे हैं।₹उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से पर्यावरण संरक्षण के इस जन-जागरूकता अभियान से जुड़ने और प्रकृति की रक्षा में अपना योगदान देने की अपील की।

# वित्तीय अनियमितता पर तीन सरपंचों पर गाज, पद से हटाए और 6 साल के लिए चुनाव लड़ने पर रोक

> इस कार्रवाई से जिले की अन्य पंचायतों में भी हड़कंप मच गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ

जिले में पंचायतों में चल रही गड़बड़ियों और वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ जिला पंचायत प्रशासन ने अब सख्त रुख अपना लिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करते हुए तीन अलग-अलग ग्राम पंचायतों के सरपंचों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से जिले की अन्य पंचायतों में भी हड़कंप मच गया है।

### असंतोषजनक जवाब पर कार्रवाई

जिला पंचायत द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत सुल्तानिया के सरपंच जितेन्द्र मालवीय के विरुद्ध धारा 40 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान सरपंच आरोपों का कोई भी संतोषजनक खंडन प्रस्तुत नहीं कर सके। इसे गंभीरता से लेते हुए सीईओ डॉ. गढ़पाले ने उन्हें तत्काल प्रभाव से सरपंच पद से पृथक कर दिया है। साथ ही, उन्हें आगामी 6 वर्षों के लिए किसी भी पंचायत निर्वाचन में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

### वित्तीय हेरफेर पर वसूली और प्रतिबंध

इसी तरह, जनपद पंचायत ब्यावरा की ग्राम पंचायत तलावली के सरपंच सूरज सिंह यादव के विरुद्ध धारा 89 के तहत वित्तीय अनियमितता का मामला पाया गया। प्रशासन ने न केवल उनके विरुद्ध वसूली (रिकवरी) अधिरोपित की है, बल्कि उन्हें भी 6 साल के लिए चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया है। वहीं, जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ की ग्राम पंचायत झाड़ला में योजनाओं के संचालन में लगभग 1.60 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता पकड़ी गई। यहां भी जिला पंचायत ने संबंधित राशि की वसूली सुनिश्चित करते हुए सरपंच को आगामी 6 वर्षों के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है।

### पारदर्शिता के प्रति प्रशासन का सख्त संदेश

जिला पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पंचायतों में वित्तीय अनुशासन बनाए रखना और विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित जनप्रतिनिधियों के खिलाफ इसी तरह की कठोर और विधिसम्मत कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया, न्याय के लिए दर-दर भटक रहे पीड़ित

# 74 वर्षीय बुजुर्ग दंपती को दत्तक पुत्र ने घर से निकाला, प्रधानमंत्री आवास में जड़ दिया ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶माचलपुर

सहारा बनने के लिए गोद लिए गए पुत्र ने ही जब कसाई का रूप ले लिया, तो बेसहारा बुजुर्ग दंपती की दुनिया उजड़ गई। नगर के नाना बाजार निवासी 74 वर्षीय वाहिद शाह और उनकी पत्नी जन्नत बी इस समय दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। आरोप है कि उनके दत्तक पुत्र ने उन्हें घर से बाहर निकालकर प्रधानमंत्री आवास में ताला जड़ दिया है।

### क्या है पूरा मामला?

फरियादी वाहिद शाह ने पड़ोसी मुज्मिल हुसैन के साथ माचलपुर थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि निःसंतान होने के कारण उन्होंने करीब एक साल पहले शरीफ पिता अहमद (निवासी सोयत) को दत्तक पुत्र के रूप में अपनाया था। वाहिद शाह का आरोप है कि शरीफ अहमद और उसकी पत्नी शब्बो बी, उन्हें लगातार गालियां देते हैं और जान से मारने की धमकी देकर घर से बेदखल कर दिया है।



### प्रशासन की बेरुखी, कागजों में सिमटी कार्रवाई

इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन बुजुर्ग दंपती को न्याय आज भी दूर की कौड़ी बना हुआ है। इससे पहले, बुजुर्ग ने उप-तहसील कार्यालय में भी शिकायत की थी। 15 जून को कस्बा पटवारी भेरूलाल दांगी, थाना प्रभारी आदित्य सोनी और नगर परिषद के अधिकारियों की मौजूदगी में एक पंचनामा बनाया गया था। उस समय शरीफ खां ने फोन पर चर्चा के दौरान दूसरे दिन घर खाली करने का वादा किया था, लेकिन वह वादा केवल कागजों तक ही सीमित रहा। तब से बुजुर्ग दंपती न्याय के लिए संबंधित अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें कहीं से भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है।

### अधिकारियों ने साधी चुप्पी पल्ला झाड़ा जिम्मेदारी से

दुखद यह है कि इस गंभीर मामले में प्रशासन का रवैया अत्यंत संवेदनहीन बना हुआ है। जब इस विषय में जानकारी लेने के लिए माचलपुर तहसीलदार कपिल शर्मा और खिलचीपुर एसडीएम अंकिता जैन से संपर्क किया गया, तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। वहीं, जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी मढ़कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

### इनका कहना है...

हमने हमारा काम कर दिया जिन धाराओं में मामला दर्ज किया उसमे नोटिस देना रहता है अब आगे तहसील का का मामला है!

**माचलपुर थाना प्रभारी आदित्य सोनी**

नगर परिषद का काम प्रधानमंत्री आवास बनाने तक है पंचनामे के समय हमारे कर्मचारी चले गए पर कोई विवाद है तो यह थाने का मामला है!

**देवेंद्र वत्स मुख्य नगर परिषद अधिकारी माचलपुर**